**महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध राजकीय /
अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः–प्राशिप / कम्प्यू0 / 2023 /** 5296 **लखनऊःदिनांक–**01·11·2023

**विषयः–आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 निर्माण के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 31–10–2023 को प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अवगत कराना है कि आपकी संस्था में अध्ययनरत् समस्त छात्र / छात्राओं का आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 का निर्माण किया जाना है।

उक्त के दृष्टिगत आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि परिषद के वेबपोर्टल www.bteup.ac.in पर student login पर दिये गये लिंक के माध्यम से संस्थान में अध्ययनरत् समस्त छात्र / छात्राओं का आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 का निर्माण प्रत्येक दशा में दिनांक 09–11–2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का कष्ट करें।

प्रमुख सचिव महोदय द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रतिदिन इसका अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) किया जाएगा। उक्त कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित है। इस कारण समस्त प्रधानाचार्य / कार्याध्यापक अपने स्तर से प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए इस कार्य को संपादित करायें। कोई भी छात्र / छात्रा बिना आधार अथेन्टिकेशन कराये परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा। यह अनिवार्य है।

**संलग्नकः–यथोपरि।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0– प्राशिप / कम्प्यू0 / 2023 /** 5297–099 **तद्दिनांक–**01·11·2023

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को प्रमुख सचिव / अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त संस्था, प्रधानाचार्य को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार निर्देशित करने का कष्ट करें कि दिनांक 09–11–2023 तक प्रत्येक छात्र / छात्रा का आधार अथेन्टिकेशन कराने के साथ–साथ फैमिली आई0डी0 का निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

# <u>आधार अथेनटिकशेन एवं फैमिली आई डी एक परिवार एक पहचान योजना</u>


प्राविधिक शिक्षा परिषद् ,उत्तर प्रदेश द्वारा यह योजना ,प्रदेश के विभिन्न डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए परिषद् की वेबसाइट bteup.ac.in के माध्यम से स्टूडेंट-लॉगइन पर शुरू की जा चुकी है |

यदि कोई छात्र/छात्रा प्रथम बार E-सेवाओं का प्रयोग कर रहा है तो उसको अपना registration करना अनिवार्य होगा |


**E-सेवाओं के अंतर्गत निम्न सेवाएं केवल अंतिम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए ही है, अध्यनरत छात्र - छात्राओं के लिए नहीं**

Issuance of Transfer Certificate for Polytechnic Institutions Students
Issuance of Migration Certificate
Return of Caution Money
Issuance of Character Certificate
Issuance of Diploma Certificate for Polytechnic Institution's students who have passed the Examination
Issuance of Provisional Certificate.
Issuance of Duplicate Mark sheet


## <u>आधार अथेनटिकशेन एवं फैमिली आई डी एक परिवार एक पहचान योजना हेतु दिशा निर्देश</u>





अभ्यर्थी द्वारा सफलता पूर्वक लॉग इन करने के पश्चात् अभ्यर्थी को जनहित /दर्पण सेवाओ के साथ Aadhar Verification का लिक प्रदर्शित होगा |




Aadhar Verification को क्लिक करने पर अभ्यर्थी का विवरण प्रदर्शित हो जायेगा




सर्वप्रथम अभयर्थी को अपने आधार के उपयोग हेतु सहमती प्रदान करनी होगी जिसके लिए सहमती की घोषणा के ऊपर निर्धारित चेक बॉक्स के सम्मुख टिक करना होगा और निरधारित टेक्स्ट बॉक्स में आधार संख्या को डालना होगा तत्पशचात Verify Aadhar का बटन enable हो जायेगा ,जिसको क्लिक करने पर परिषद् में उपलब्ध डाटा के सापेक्ष अभ्यर्थी के आधार के डाटा का मिलान होगा एवं यदि आधार का प्रमाणित हो जाता है तो निम्न विवरण प्रदर्शित होगा -





जिन अभ्यर्थीयो के आधार नहीं प्रमाणित होगा उसको निम्न मैसेज प्रदर्शित होगा -


Aadhar details not verified. Error - Pa (address) attributes of demographic data did not match

यदि आधार कार्ड पर अभ्यर्थी के विवरण और परिषद् के डाटा में आंशिक भिन्नता है तो पेज के बाईं दिशा में प्रदर्शित लिंक +eसेवाए (छात्रों के लिए )लिंक के माध्यम से Rectification of Mark Sheet के माध्यम से नाम/पिता का नाम /जन्मतिथि में संशोधन की रिक्वेस्ट परिषद् को भेज सकते है ,जिसको संस्था द्वारा अग्रसारित करना होगा |

जिन अभ्यर्थीयो के आधार प्रमाणित हो जायेंगे उनके लिए फैमिली आई. डी. को जानने का बटन उपलब्ध हो जायेगा , Verify Familyid बटन को दबाने पर यदि भरे गए आधार संख्या के सापेक्ष फैमिली आई डी बनी हुई होगी तो Family id टेक्स्ट बॉक्स के सम्मुख अभ्यर्थी की Family आई डी प्रदर्शित होने लगेगी एवं Family id Recived Successfully का message प्रदर्शित होगा



और यदि अभ्यर्थी की family id नहीं बनी होगी तो निम्न मैसेज प्रदर्शित होगा




यदि फैमिली आई. डी. का निर्माण नहीं हुआ है उस अवस्था में फैमिली आई. डी. को निर्माण करने का लिंक http://familyid.up.gov.in/ उपलब्ध हो जायेगा |